





# अकीदत के साथ अदा की गई ईद की नमाज

## नमाज़ के बाद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर/विजयपुर, 21 मार्च।** श्योपुर जिले एवं नगर विजयपुर में ईद का पर्व अकीदत, भाईचारे और सौहार्द के माहौल में मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने श्योपुर व विजयपुर में ईदगाह/ निर्धारित नमाज़ स्थल पर सुबह लगभग 9:00 बजे ईद की नमाज़ अदा की। नमाज़ के दौरान देश और प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। नमाज़ अदा करने के बाद मुस्लिम समाज द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान एसडीएम अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर, तहसीलदार, थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधियों में भाजपा नेता अनिरुद्ध रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुदगल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष परीक्षित धाकड़, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय सोनी उर्फ गुटई सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस अवसर पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे। ईद के मौके पर पूरे नगर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर ईद की बधाई दी।



## नहर में गिरने से एक की मृत्यु

श्योपुर, 21 मार्च। थाना ढोढर मर्ग सूचनाकर्ता अमरसिंह पुत्र बाबूलाल रावत उम्र 40 साल नि. हांसिलपुर ने बताया कि दि. 20.03.26 के 15.00 बजे स्थान हनुमान मंदिर के बगल में नहर का नरुआ ग्राम हासिलपुर पर मृतक पवन पुत्र प्रथ्वीराज रावत उम्र 29 साल नि. हासिलपुर मृतक को मिर्गी आने से नहर के नरूआ में गिरने से डूबने से मृत्यु हो गई । दि. 20.03.26 के 16.52 बजे मर्ग क्र. 02/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर लिया है।

## पुरानी रंजिश पर मारपीट

**श्योपुर, 21 मार्च।** थाना कराहल मारपीट फरि. मोहन पुत्र चतरू आदि. उम्र 50 साल नि. गोरस ने रिपोर्ट की कि दि. 20.03.26 के 23.00 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर गोरस पर आरोपीगण, मुकेश, किशोर आदि. नि. गोरस ने फरि. को पुरानी रंजिश पर से मां- बहन की गंदी - गंदी गालियां दी व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। दि. 21.03.26 के 11.08 बजे अप. क्र., 21/26 धारा296ए,115(2) , 351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया है।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने इंडियन हैबिटैट सेंटर का किया अवलोकन

**भोपाल 20 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में इंडियन हैबिटेट सेंटर का अवलोकन किया.**

उन्होंने परिसर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की. इस अवसर पर सेंटर के निदेशक तथा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु के. जी. सुरेश भी उपस्थित थे. उन्होंने परिसर के संचालन और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी.

## आरटीआई अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण 23 से

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 21 मार्च।** जिले में सूचना का अधिकार अधिनियम अंतर्गत विभागों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 23 और 24 मार्च को ई-दक्ष केंद्र श्योपुर में आयोजित किया गया है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण 23 एवं 24 मार्च को प्रातः 11 बजे से शाम 06 बजे तक ई-दक्ष केंद्र में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में वन मंडल कूनो एवं सामान्य, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, फूड विभाग, जलसंसाधन, आईटीआई कॉलेज श्योपुर, पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर, मत्स्य विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, परिवहन विभाग, जेल विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंजीयन एवं मुद्राक विभाग, पीएचई, सहकारिता, श्रम, सामाजिक न्याय, उद्यानिकी, आबकारी, ग्रामोद्योग आदि विभागों के लोक सूचना अधिकारी अथवा सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा नामित कर्मचारी भाग लेंगे।

## समाज में सक्रिय भूमिका निभाएं मोर्चा पदाधिकारी

### हर बूथ जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं

**भोपाल, 21 मार्च. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की परिचयात्मक बैठक को संबोधित किया.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन को और मजबूत करने समाज में मोर्चा पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं. भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हर बूथ को जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं. बैठक को मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ भी उपस्थित रहे.



### डॉ. अंबेडकर की जयंती पर 13 से 19 अप्रैल तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी प्रदेश भर में भ्रमण कर बूथ स्तर पर मोर्चा संगठन को बुलंदियों तक पहुंचाने का कार्य करें. गांव-गांव, घर-घर संपर्क कर बताएं कि भाजपा संगठन और सरकार आपके लिए क्या कार्य कर रही है. संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 13 से 19 अप्रैल तक दीप प्रज्वलन, संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रदेश भर में आयोजन किया जाएगा.

## मुंहवाद करने से रोकने पर मारपीट की

श्योपुर, 21 मार्च। थाना ढोढर मारपीट फरि. सुरेन्द्र पुत्र नवल सिंह रावत उम्र 28 साल नि. ग्राम हासिलुपर ने रिपोर्ट की कि दि. 20.03.26 के 22.00 बजे स्थान हनुमान जी मंदिर हांसिलपुर पर आरोपीगण, भफ्ले, मोहन, बिन्दा जातिगण बंजारा नि.गण भलावनी, महिपाल राजपुत नि. ग्राम छोटा टर्रा ने फरिया. द्वारा आरोपीगणों को मुंहवाद करने से रोकने पर गंदी गंदी गालियां दी मारपीट कर चोट पहुचाई जिससे फरि का होठ कट गया एवं एक दांत टूट गया व जान से मारने की धमकी दी । दि. 20.03.26 के 23.20 बजे अप.क्र. 24/26 धारा 115 (2), 3(5),296 (बी), 118 (1), 351 (3) बीएनएस कायम कर लिया है।

## एक नजर में

### गेंहू रखने की बात पर मारपीट

श्योपुर, 21 मार्च। थाना देहात मारपीट फरि. सियाराम पुत्र भंवरलाल आदिवासी उम्र 30 साल नि. रायपुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 19.03.26 के 16.00 बजे स्थान सोनू आदिवासी की दुकान के सामने आरोपीगण, ओमप्रकाश, अशोक, धर्मसिंह जातिगण आदि. नि.गण सदर ने फरि. को गेंहू रखने की बात पर से मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 19.03.26 के 19.32 बजे अप. क्र. 64/26 धारा 115(2),3(5),296(ए), 351(3) बीएनएस कायम कर लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा

श्योपुर, 21 मार्च। थाना देहात मारपीट फरिया. जानकीबाई पत्नी सुरेश मीणा उम्र 50 साल नि. ग्राम ढोटी ने रिपोर्ट की कि दि. 19.03.26 के 20.00 बजे स्थान फरिया के घर के बाहर ढोटी आरोपीगण, नरोत्तम मीणा, बलवान मीणा, हरिमोहन मीणा नि.गण बगवाडा थाना देहात ने फरिया एवं उसके पति को पुरानी रंजिश पर से मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 19.03.26 के 22.48 बजे अप. क्र. 65/26 धारा 115(2),3(5),296 (ए),351 (3) बीएनएस कायम कर लिया है।

### मारपीट कर गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी

श्योपुर, 21 मार्च। थाना कोतवाली मारपीट फरि. साजिद पुत्र सरीफखांन उम्र 30 साल नि. वार्ड क्र. 01 किला श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 19.03.26 के 08.30 बजे स्थान सोना लॉज के सामने आरोपी इरफान नि. बालापुरा ने फरि को पुरानी रंजिश पर से मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 19.03.26 के 21.05 बजे अप. क्र. 83/26 धारा 115(2), 296 (ए),351 (3) बीएनएस कायम कर लिया है।

### यहां भी हुआ झगड़ा

श्योपुर, 21 मार्च। थाना कोतवाली मारपीट फरि. प्रदीप पुत्र जुगलकिशोर वर्मा उम्र 35 साल नि. वार्ड क्र. 14 मुट्टीनाथ नगर ने रिपोर्ट की कि दि. 19.03.26 के 20.00 बजे स्थान श्रीराम कॉलोनी श्योपुर आरोपी प्रेमचन्द उर्फमोसमराव नि. श्यो. ने फरि. को पुरानी रंजिश पर से मारपीट की गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी । दि. 19.03.26 के 23.37 बजे अप. 84/26 धार 115(2), 296 (बी),351(3) बीएनएस कायम कर लिया है।

### घुड़सवारी करते हुये चोट आयी

श्योपुर, 21 मार्च। थाना कोतवाली सड़क दुर्घटना फरि. शंकरपुत्र नरसिया वैरवा उम्र 38 साल नि. ग्राम जैदा ने रिपोर्ट की कि दि. 01.03.26 के 14.00 बजे स्थान जैदा मंडी मोड के पास पर आरोपी सोहिब खान पुत्र आरिव खान नि. बगबाज ने अपनी घोड़ी पर ग्राम जैदा मे घुड़सवारी करते हुये फरि. के पिता नरसिया वैरवा के ऊपर चढ़ जाने से चोटे आयी आवेदन पत्र की जांच पर से अपराध कायम किया गया । दि. 20.03.26 के 12.14 बजे अप.क्र. 85/26 धारा 291,125ए बीएनएस कायम कर लिया है।

### 52 ली. कच्ची शराब जप्त

श्योपुर, 21 मार्च । थाना बडौदा अवैध शराब पकड़ी आरोपी बन्टी पुत्र श्यामू गुर्जर उम्र 30 साल नि. पाण्डोला को दि. 20.03.26 के 12.15 बजे स्थान श्यामू गुर्जर का बाड़ा ग्राम पाण्डोला पर कब्जे से 52 ली. हा.भ. की कच्ची शराब कीमती 5200/-रु. की जप्त की । दि. 20.03.26 के 14.08 बजे अप.क्र. 61/26 धारा 34 (2) आब. एक्ट कायम कर लिया है।

### गुने बनाने की बात को लेकर मारपीट

श्योपुर, 21 मार्च। थाना कोतवाली मारपीट फरि. अक्षरा पुत्री सतीश गोयल उम्र 17 साल नि. पुरानी सब्जी मंडी श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 20.03.26 के 18.00 बजे स्थान पुरानी सब्जी मंडी गोयल सदन पर आरोपीगण , रेखा पत्नी श्यामबिहारी, सोमी पुत्री श्यामबिहारी जातिगण गोयल नि.गण सदर ने फरिया को गणगौर के गुने बनाने की बात को लेकर मारपीट की गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी दी ।दि. 20.03.26 के 19.12 बजे अप.क्र. 86/26 धारा 115 (2),3(5),296 (बी),351(3) बीएनएस कायम कर लिया है।

### 21 क्वार्टर देशी मदिरा जप्त

श्योपुर, 21 मार्च। थाना अगरा अवैध शराब पकड़ी आरोपी रामेन्द्र पुत्र रामस्वरूप धाकड़ उम्र 33 साल नि ग्राम ऊमरीकलां थाना अगरा को दि. 20.03.26 के 16.48 से 16.59 बजे स्थान ग्राम ऊमरी कला की पुलिया पर कब्जे से 21 क्वा. देशी मदिरा प्लेन सफेद कीमती 2100/-रु. के रखे मिला । दि. 20.03.26 के 19.08 बजे अप.क्र. 14/26 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया है।

## फोरम ने नए निर्देश का किया विरोध

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मार्च. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा जारी उस निर्देश पर कड़ा विरोध जताया है, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को स्केल चार और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) लागू करने को कहा गया है.**

एक प्रेस विज्ञप्ति में यूएफबीयू ने कहा कि 18 मार्च को जारी यह निर्देश समय से पहले उठाया गया कदम है, क्योंकि यह मुद्दा अभी मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के समक्ष सुलह प्रक्रिया में लंबित है. 9 मार्च को हुई बैठक में यह स्पष्ट रूप से दर्ज किया गया था कि वरिष्ठ अधिकारियों के लिए पीएलआई पर चर्चा जारी है और आगे की कार्रवाई स्थापित परामर्श प्रक्रिया के तहत की जाएगी.

यूनियन का कहना है कि यह एकतरफा फैसला बैंकिंग क्षेत्र में दशकों से चली आ रही द्विपक्षीय औद्योगिक संबंध व्यवस्था को कमजोर करता है. साथ ही यह उन मौजूदा समझौतों की अनदेखी करता है, जिनमें प्रोत्साहन राशि को बैंक के समग्र प्रदर्शन से समान रूप से जोड़ा गया है.

यूएफबीयू ने यह भी कहा कि नई योजना में व्यक्तिगत प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन लागू करने से कर्मचारियों के बीच विभाजन की स्थिति पैदा हो सकती है और सामूहिक एकता प्रभावित होगी.

> वित्तीय पहलुओं पर चिंता जताते हुए यूएफबीयू ने कहा कि जहां वर्तमान व्यवस्था में अधिकतम 15 दिन के मूल वेतन और महंगाई भत्ते तक प्रोत्साहन सीमित है, वहीं नई योजना में 365 दिन के मूल वेतन तक प्रोत्साहन का प्रावधान है, जिससे खर्च में भारी वृद्धि होगी. यूएफबीयू ने मांग की है कि इस निर्देश को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए और मामले का समाधान संवाद के माध्यम से किया जाए.

## वीरपुर में युवा संगम रोजगार मेला 25 को

**श्योपुर, 21 मार्च।** शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन सीएलएफकार्यालय पंचायत भवन के पास वीरपुर में 25 मार्च को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा। रोजगार कार्यालय एवं एनआरएलएम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटेशिप में विभिन्न कंपनियों द्वारा सेल्समैन, ऑफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग क्षेत्र, ऑटो मोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी।

## डीआरएम त्यागी ने किया सुरक्षा का निरीक्षण



स्टेशनों का लिया जायजा, ट्रैक और सिग्नलिंग सिस्टम की जांच

**भोपाल, 21 मार्च. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने रानी कमलापति-बुधनी खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया.**

इसके साथ ही बरखेड़ा, चौका, मिडघाट और बुधनी रेलवे स्टेशनों का व्यापक संरक्षा निरीक्षण भी किया गया. निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य रेल संचालन की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता का आकलन करना था.

इस दौरान डीआरएम ने ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, पुल-पुलिया, रेलवे क्रॉसिंग समेत अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं का बारीकी से निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए.

मिडघाट और बुधनी जैसे घाट सेक्शन में विशेष रूप से ट्रैक की स्थिति, ढलान वाले क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों और ट्रेन संचालन की सतर्कता की समीक्षा की गई.

### घाट क्षेत्रों में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : डीआरएम

डीआरएम ने स्पष्ट कहा कि घाट क्षेत्रों में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सके अलावा स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सूचना प्रणाली का भी जायजा लिया गया. अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यात्रियों को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जरूरी सुधार शीघ्र किए जाएं. इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे.

**कार्यक्रम** — कांग्रेस की विचारधारा भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की : जीतू पटवारी

## धार्मिक नेता पंडित मोहित नागर कांग्रेस में शामिल



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मार्च. सुसनेर विधानसभा क्षेत्र (आगर जिला) से कथावाचक पंडित मोहित नागर शुक्रवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भोपाल स्थित मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए.**

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ. नवप्रवेशी साथियों का स्वागत करते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा 'वसुधैव कुटुंबकम' पर आधारित है, जो आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश देती है. उन्होंने कहा कि पार्टी समाज में करुणा और समरसता स्थापित करने के लिए कार्य करती है. इस अवसर पर पंडित मोहित नागर ने कहा कि धर्म की बात करना और धर्म का पालन करना अलग-अलग बातें हैं. उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं, क्योंकि कांग्रेस जो कहती है, उसे निभाने का प्रयास करती है. उन्होंने भाजपा पर धर्म के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाया और कहा कि उनका उद्देश्य लोगों में जागरुकता और सद्भाव फैलाना है.

> मीडिया से चर्चा करते हुए पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पिछले 25 वर्षों में आदिवासी समुदाय के साथ लगातार अन्याय हुआ है. उन्होंने कहा कि सत्ता और प्रशासन की मिलीभगत से आदिवासियों की जमीनें छीनी गई हैं, जो संविधान की मूल भावना के खिलाफ है. उन्होंने बढ़ती बेरोजगारी, अधूरी कल्याणकारी योजनाओं और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर पर भी चिंता जताई. 'लाड़ली बहना' योजना पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि लाभ सीमित किया जा रहा है और सरकार जनहित के मुद्दों की बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है.

## दो दोस्तों में हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला

**पांढुरना.** नगर के बस स्टैंड में दो दोस्तों में हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया,एक युवक ने दूसरे पर लोहे की हुक से किए गए प्राणघातक हमले में बुरी तरह जख्मी हुए ग्राम गुजरखेडी निवासी सुनील सलामें 35 को प्राथमिक उपचार के बाद इसे नागपुर रेफर किया गया है,वहीं इसे मारने वाले युवक को पुलिस ने पकड अभिरक्षा में रखा है. नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर शुक्रवार की शाम लगभग 6-37 बजे ग्राम गुजरखेडी निवासी निवासी युवक सुनील सलामे 35 पर नगर में रहने वाले इसके साथी के बीच विवाद होने लगा,देखते ही देखते इस युवक ने सुनील सलामें पर लोहे की हुक से इसकी छाती तथा गले पर हमला कर दिया.

## प्रदेश कांग्रेस ने नियुक्त किए 77 ब्लॉक अध्यक्ष

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मार्च. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पार्टी ने संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से इंदौर शहर जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के साथ 77 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है.**

जानकारी देते हुए संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने बताया कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त करना और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना है. उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ आम जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे.

डॉ. कामले ने कहा कि इंदौर में संगठनात्मक विस्तार से कांग्रेस को और मजबूती मिलेगी तथा बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे बेहतर समन्वय और जनसंपर्क सुनिश्चित हो सके.

उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे तथा क्षेत्र में संगठनात्मक एकता और मजबूती को बढ़ावा देंगे.